# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


# ऑपरेशन सिंदूर : भारत की तीनों सेनाओं का तालमेल और पाक को करारा जवाब।

Publisher Published on 19 May 2025




## ऑपरेशन सिंदूर मे तीनों सेनाओं का तालमेल और रणनीतिक कौशल।

**18 मई 2025** को रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि **ऑपरेशन सिंदूर** के दौरान **भारतीय सेना, वायु सेना** और **नौसेना** ने अभूतपूर्व तालमेल के साथ मिलकर काम किया।
यह अभियान पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए एक सटीक, संयमित और रणनीतिक कार्रवाई थी।

### पहलगाम हमले के बाद भारत की जवाबी कार्रवाई

१. **ऑपरेशन सिंदूर** को **एलओसी** पार आतंकी ढांचों को खत्म करने के लिए शुरू किया गया था।

२. पाकिस्तान की तरफ से **8-10 मई** को भारतीय सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले की कोशिश की गई, जिसे भारत ने सख्ती से नाकाम कर दिया।

३. **पाक वायुसेना** के ठिकाने, **रडार स्टेशन, कमांड सेटंर** और **एयर डिफेसं सिस्टम** को भारी नुकसान पहुंचाया गया।

### भारतीय वायुसेना ने निभाई निर्णायक भूमिका

१. भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में मौजूद **आतंकी अड्डों पर सटीक** हमले किए।

२. **रियल-टाइम इंटेलिजेसं** और **सेसंर नेटवर्क** के आधार पर हमले किए गए।

३. ऑपरेशन के लिए **एकीकृत कमांड और नियंत्रण प्रणाली** (ICCS) का उपयोग किया गया, जिसने खतरे की पहचान और कार्रवाई को तेज किया।

### भारतीय नौसेना की समुद्री रणनीति और कैरियर बैटल ग्रुप की भूमिका

१. भारतीय नौसेना ने समुद्र में **कैरियर बैटल ग्रुप (CBG)** की तैनाती की, जिसमें मिग-29K फाइटर जेट्स और एडवांस्ड राडार

हेलीकॉप्टर शामिल थे।

२. **CBG ने मकरान तट के पास दुश्मन की घुसपैठ को रोका** और एक शक्तिशाली वायु रक्षा कवच तैयार किया।

३. नौसेना के पायलटों ने 24×7 मिशन उड़ानें भरकर भारत की **तत्परता और प्रभुत्व** को स्थापित किया।

### ऑपरेशन सिंदूर के पीछे थी खुफिया जानकारी और सूक्ष्म योजना

१. रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह अभियान **सावधानीपूर्वक तैयार योजना और खुफिया जानकारी** के आधार पर संचालित किया गया था।

२. **न्यूनतम क्षति,** अधिकतम प्रभाव की नीति अपनाई गई।

३. सरकार, रक्षा विभाग और एजेंसियों ने मिलकर **एकीकृत रणनीति** से कार्य किया।

### पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को पहुंचा बड़ा नुकसान

१. ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई **सैन्य ठिकानों को गंभीर** नुकसान पहुंचा।

२. इस कार्रवाई के बाद 10 मई को विदेश सचिव **विक्रम मिसरी** ने घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान तत्काल प्रभाव से **सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई** रोकने पर सहमत हो गए हैं।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.